तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

12 50 से 100 बेड का होगा नागरिक अस्पताल



12 पूर्व मंत्री ने समस्याएं सुन समाधान के दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### दुकान के गल्ले से दो लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** जिले के कस्बा बुडिया में चोरों ने दुकान के गल्ले का ताला तोड़कर दो लाख रूपये चोरी कर लिए। गांव कश्मीरगढ़ निवासी रामशरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुडिया में पीएनबी बैंक के नजदीक दुकान है। वह रोज की तरह सुबह 11 बजे के करीब दुकान पर गया था। इस दौरान वह किसी काम से कुछ देर के लिए बाहर चला गया। जब वापस लौटा तो दुकान के गल्ले से दो लाख रूपये गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी चोरी करने वाले व्यक्ति का कुछ भी पता नहीं चला।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी की नौ माह की गर्भवती 22 वर्षीय सहाना परवीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सहाना अपने मायके में दावत पर गई थी। वहां से खाना खाकर वापस सुसराल लौटी। घर लौटने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग निकलने लगा और उल्टियां होने लगी। वहीं पति नवाजिश, सहाना को एक निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के बारे में कहा। वहीं, सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने चेकअप के बाद सहाना को मृत घोषित कर दिया।

### पिकअप ने खेल रही बच्ची को कूचला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में गांव बराना में तेज रफ्तार पिकअप ने गली में खेल रही सात साल की परी पुत्री दीपक को टक्कर मार दी। इससे बच्ची गिरी और पिकअप का टायर उसके सिर के ऊपर से निकल गया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपी भाग गया। इधर, पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने परी के शव का पोस्टमार्टम करवाया और दीपक की शिकायत पर पिकअप चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

### विधवा के घर से लाखों के गहने चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में गांव सिवाह में विधवा महिला धनवेदी के घर में अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। दरअसल, लॉकर की चाबियां गुम हो गई थी। महिला ने कारीगर बुलवा कर चाबी बनवाई। लॉकर खोला गया, तो उसमें रखे लाखों की कीमत के आभूषण गायब मिले। धनदेवी की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। धनदेवी ने बताया कि उनके घर से छह लाख रूपये कीमत के गहने चोरी हुए है।

### ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चार घायल

**पानीपत।** पानीपत के रोहतक हाईवे पर इसराना फ्लाईओवर के पास ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार कई बार पलटी और डिवाइडर से टकराकर रुक गई। हादसे में कार चालक रविंद्र, निवासी गांव परढाना, इसकी पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। वहीं रविंद्र की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बैंक से चोरी के आरोप में इनामी वांटेड गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए स्टाफ ने पांच हजार के ईनामी मोस्ट वांटेड आरोपी को काबू किया है। काफी समय से पुलिस को आरोपी की तलाश थी। सीआईए-1 बैंक के लॉकर काट कर चोरी करने के मामले में इनामी मोस्ट वांटेड मुख्य आरोपी मिथुन बिंद को बिहार के मुंगेर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अब आरोपी को आठ दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बैंक मैनेजर भूषण लाल ने 25 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 सितंबर 2023 को चोरों ने केंद्रीय सहकारी बैंक की दीवार काटकर लॉकरों से गहने चोरी कर लिए हैं।

## भाजपा का लक्ष्य अंत्योदय पथ और अंत्योदय प्रण : कंवरपाल

पूर्व कृषि एवं कल्याण मंत्री ने जगाधरी के दर्जनभर गांवों में किया जनसंपर्क

- ग्रामीणों की सुनी समस्याएं व सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य अंत्योदय पथ और अंत्योदय प्रण का है।

उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क अभियान के तहत कहे। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने गांव में पहुंचने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल सुबह के वक्त सबसे पहले जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के छछरौली मंडल के गांव दादुपुर जट्टान में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने गांव घिसरपडी, कोट, छछरौली, हडौली, मुकारोपुर, ढ़ाकवाला, लेदी, ताहरपुर, ताहरी समेत विभिन्न गांव में जनसंपर्क किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य अंत्योदय पथ, अंत्योदय प्रण अंत्योदय है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार जारी रहेगी।



**पानीपत।** जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांवो में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, शिवकुमार , सुशील मान, सरबजीत सिंह, रामपाल शर्मा, दर्शन लाल, राजकुमार शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### विचारधारा अहम

उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य रह गए हैं या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा। ताकि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर क्षेत्र में हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जाएंगी। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा के संगठन में विचारधारा का बड़ा महत्व है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व पार्टी के संविधान और परंपरा पर भाजपा का संगठन चलता है। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

## डिलीवरी बॉय से दिनदहाड़े पार्सल व नकदी छीन ले गए



अंबाला। लूट के मामले में युवक से पूछताछ करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

- बाइक सवार आठ बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला**

दिनदहाड़े लूट का मामला सामने आया है। एक कोरियर कंपनी में काम करने वाले डिलीवरी बॉय के साथ 8 बदमाशों ने चंडीगढ़ हाईवे पर लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान उसके कई महंगे महंगे पार्सल व उसके पास मौजूद कैश को लूटकर बदमाश फरार हो गए।

गौरव गागट ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कोरियर डिलीवरी बॉय का कार्य करता है। वीरवार दोपहर बाद वह बलदेव नगर की ओर आ रहा था। इसी दौरान रिजेंटा के सामने बाइक और स्कूटी पर सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर हमला बोल दिया और कीमती पार्सल तथा नकदी लूटकर फरार हो गए।

बदमाशों ने उसे बलदेव नगर का रास्ता पूछा था। जैसे ही उसने रास्ता बताया तो सामने से कुछ और बदमाश भी आ गए। उन्होंने उससे छीना झपटी शुरू कर दी। डिलीवरी बॉय कुछ समझ पाता इतनी देर में वह सामान लूटकर वह नकदी लेकर फरार हो गए। बदमाश 7-8 पार्सल और 15 से 16 हजार रुपए लूट ले गए हैं। पीड़ित का मेडिकल भी कराया गया।

## कला परिषद के नाट्य महोत्सवों में सांग की भी होगी प्रस्तुति : नागेंद्र

- विश्व रंगमंच दिवस समस्त मंच कलाकारों के लिए एक त्योहार की तरह है : शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

27 मार्च विश्व रंगमंच दिवस समस्त रंगकर्मियों के लिए एक त्योहार की तरह है। रंगमंच से जुड़ा प्रत्येक कलाकार रंगमंच दिवस पर नाट्य सम्बंधित गतिविधियों के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

ऐसे में हरियाणा प्रदेश में भी हरियाणा कला परिषद के माध्यम से विभिन्न शहरों में नाट्य समारोह आयोजित कर प्रदेश के रंगकर्मी अपने दायित्व को निभा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा कला परिषद द्वारा भविष्य में जो भी नाट्य समारोह आयोजित होंगे, उन नाट्य समारोह में हरियाणा की लोकनाट्य विधा सांग को अवश्य शामिल किया जाएगा। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा का लोकनाट्य सांग समस्त विधाओं से ओतप्रोत रहता है। जिसमें अभिनय के साथ-साथ नृत्य, संगीत, रागनी इत्यादि शामिल रहती है।



परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा।

### नाट्य उत्सव 31 तक

इस कार्य की शुरूआत 27 से 31 मार्च तक फरीदाबाद में आयोजित नाट्य उत्सव से की गई है। इस नाट्य उत्सव में जहां प्रदेश के अलग-अलग रंगकर्मियों के नाटकों का मंचन किया जाएगा, वहीं नाट्य उत्सव के समापन पर 31 मार्च को जींद से डा. राजेंद्र सांगी द्वारा सांग हीर रांझा मंचित किया जाएगा। इसके अलावा अप्रैल माह में हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर कला कीर्ति भवन में तीन दिवसीय नाट्य समारोह के दौरान हिसार से डा. सतीश कश्यप द्वारा सांग कृष्ण का मंचन किया जाएगा।

## नशा तस्कर से 12 लाख रुपये की अफीम बरामद

- आरोपी स्विफ्ट कार में 2.033 किलोग्राम अफीम को रखकर जा रहा था कही सप्लाई करने

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अम्बाला यूनिट ने थाना बिलासपुर यमुनानगर एरिया से नशा के व्यापार में लिप्त एक नशा तस्कर को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। आरोपी से ब्यूरो की टीम ने 12 लाख रुपए कीमत की 2.033 किलोग्राम अफीम बरामद की है।

एनसीबी अम्बाला यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उप निरिक्षक मतलूब हुसैन अम्बाला यूनिट अपनी टीम के साथ बिलासपुर थाना क्षेत्र यमुनानगर मे मौजूद थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर जो अफीम बेचने का काम करता है, अपनी स्विफ्ट कार में सवार होकर अपने गांव मारवा कलां की तरफ से अफीम लेकर सढौरा बिलासपुर रोड से होते हुये चंडीगढ़ नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने जायेगा।



**यमुनानगर।** यमुनानगर। अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी नशा तस्कर संजीव पुलिस हिरासत में खड़ा हुआ।

### नाकाबंदी कर पकड़ा

गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बिलासपुर सढौरा रोड पर गीतांजली रिजोर्ट के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध को उसकी स्विफ्ट कार सहित काबू कर लिया गया। संदिग्ध से सवाल पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर पुलिस टीम ने मौके पर तलाशी ली गई और इस दौरान उसके पास से नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुआ। जिसका कुल वजन 2.033 किलोग्राम हुआ। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत लगभग 12 लाख रुपए है। आरोपी की पहचान मारवा कलां निवासी संजीव के रूप में हुई। वह वर्तमान में डड्डू माजरा कॉलोनी, सैक्टर-38 वैस्ट चंडीगढ़ में रहता है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कार सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुख्यमंत्री निवास में हरियाणा संग्रहालय ने लगाई प्रदर्शनी



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी द्वारा आयोजित कमल सखी मंच हरियाणा के कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप सिंह आर्य क्यूरेटर धरोहर हरियाणा संग्रहालय के द्वारा हरियाणवी प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें दूध बिलोती, धान कूटती तथा चरखा कातती महिला को महिला सशक्तिकरण के रूप में प्रदर्शित किया गया। डॉ कुलदीप सिंह आर्य ने बताया धरोहर हरियाणा संग्रहालय की दादी मां की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी सहित कमल सखी मंच हरियाणा की सभी महिला सदस्यों ने भी दादी मां की प्रतिमा के साथ सेल्फी का आनंद उठाया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, विधायक कृष्णा गहलावत, शक्ति रानी शर्मा, विमला चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मांडी गांव के युवक की चाकू से हत्या

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी निवासी 18 वर्षीय आर्यन की तेजधार हथियार से 15 से अधिक वार कर हत्या कर दी गई।

आर्यन का शव वीरवार की सुबह गांव इसराना में बलाना रोड स्थित खेतों में पडा मिला। वहीं, इसराना थाना पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। इधर, पुलिस शिकायत में आशा ने बताया कि 26 मार्च की सुबह करीब 10 बजे घर से गया था। उसे घर से परिवार के ही राजेश का बेटा निशु बुलाकर ले गया था। रास्ते में निशु ने नमकीन और कोल्ड ड्रिंक भी ली।

वहीं आर्यन रात नौ बजे तक घर नहीं लौटा। इसके बाद मां ने निशु को फोन किया। निशु ने उससे अभद्र व्यवहार किया। साथ ही आर्यन के बारे में बताने से मना कर दिया। पुलिस ने आर्यन की हत्या के मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है।

## रिश्तेदार से 40 हजार की ठगी करने वाला नकली इंस्पेक्टर गिरफ्तार

- रिश्तेदार के बेटे को झूठे केस में फंसाने की दे रहा था धमकियां

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना**

नकली पुलिस इंस्पेक्टर धीन के युवक पर उसके दूर के रिश्तेदार ने एक पुलिस केस में उस पर दबाव बनाकर 40 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। युवक इससे पहले भी एक्साइज इंसपेक्टर और पुलिस इंस्पेक्टर बनकर ठगी को अंजाम दे चुका है।

पुलिस ने आरोपी को के खिलाफ मामला दर्जकर उसे दोसड़का से गिरफ्तार कर लिया है। बिलासपुर के सतीश कुमार ने बताया कि उसकी साली का बड़ा लड़का अलीपुर गांव में शादीशुदा है। यहां पर उसका छोटा बेटा बबलू भी आता जाता था। वहां पर उसकी दोस्ती एक लड़की से हो गई । तब वह शादी का लालच देकर उसे साथ ले गया। इस मामले में पुलिस सतीश के घर उसके बेटे प्रियांशु से पूछताछ करने पंहुची थी। जब इस बात को उसके दूर के रिश्तेदार प्रेम तो पता चला तो उसने सतीश से संपर्क किया। कहने लगा कि वह तेरे लडके को भी इस केस में फंसा दूंगा नहीं तो मेरे को 50 हजार रुपये दे दो। आरोपी ने दबाव बनाकर उससे 19 मार्च 2025 को 40 हजार रूपए ले भी लिए थे। उसके बाद से आरोपी सतीश पर बाकि के 10 हजार रुपये लेने के लिए लगातार दबाव बना रहा है।



नकली इंस्पेक्टर बनकर ठगी करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में।

### कई मामले सुलझेंगे

मुलाना थाना प्रभारी बलकार सिंह ने बताया कि आरोपी को दोसड़का से गिरफ्तार कर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य ठगी के मामलों के खुलासे कराने का प्रयास किया जाएगा। जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी पहले अंबाला छावनी में एक गाड़ियों के शोरूम में बतौर मैनेजर कार्यरत था।

## महायज्ञ में गोली चलाने का दूसरा आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने केशव पार्क में महायज्ञ के दौरान गोली चलाने के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयदीप उर्फ देव वासी कासंडी जिला सोनीपत है। प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 22 मार्च को आशीष वासी लखनऊ यूपी ने बताया कि वह अपने मित्र आकाश व शोरण के साथ कुरुक्षेत्र में स्वामी हरीओम महाराज के 1008 कुंडीय जनकल्याण यज्ञ में आया था।

वह अपने पंडित साथियों के साथ सुबह 4 बजे से 8 बजे तक यज्ञ करने के बाद वह सभी सैनी धर्मशाला में नाश्ता करने गए थे। नाश्ते की शिकायत को लेकर जब वो सभी स्वामी हरीओम के पास गए और नाश्ते की शिकायत करने लगे तो वहां मौजूद स्वामी के सुरक्षा कर्मियों ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर गोली चला दी।

## तरावड़ी अनाजमंडी एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

# प्रधान पद पर सुभाष गुप्ता 146 मतों से विजयी

- अनाज मंडी में भाईचारे की व्यवस्था पहले की तरह कायम रहनी चाहिए : रमेश गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी**

तरावड़ी अनाज मंडी के प्रधान पद के चुनावों में सुभाष गुप्ता ने बाजी मारी है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शीशपाल गुप्ता को 146 वोटों से मात दी। तरावड़ी मंडी कुल 439 वोट थे। जिसमे से 432 वोट पोल हुये। सुभाष गुप्ता को 289 और शीशपाल गुप्ता को 143 वोट हासिल हुए।

अनाज मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने सुभाष गुप्ता की जीत का ऐलान किया। उन्होंने अनाज मंडी के आढ़तियों से अपील की कि चुनाव खत्म हो गया है अब अनाज मंडी में भाईचारे की व्यवस्था पहले की तरह कायम रहनी चाहिए। जब सुभाष गुप्ता की जीत का ऐलान किया गया तब मौके पर उद्योगपति विजय गोयल, उद्योगपति तिलक राज मक्कड़, उद्योगपति राकेश हंस, नगर पालिका के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, प्रदीप गुप्ता, उद्योगपति विनीत बंसल, उद्योगपति राजीव नारंग, उद्योगपति प्रमोद बंसल समेत कई लोग मौजूद थे। आज तरावड़ी अनाज मंडी के प्रधान पद के चुनाव में लगभग सौ प्रतिशत मतदान हुआ। केवल 7 वोट किसी कारणवश नहीं डल सके। शाम 4 बजे तक 432 वोटों का मतदान हुआ जबकि कुल 439 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग करना था।

मतदान सुबह 9 बजे से शुरू हो गया था। अनाज मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता के नेतृत्व में यह चुनाव संपन्न करवाया गया। गनीमत यह रही की चुनाव शांतिपूर्ण तरावड़ी अनाज मंडी के अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार सुभाष गुप्ता व शीशपाल गुप्ता चुनाव मैदान में थे। किसान भवन में संपन्न हुए प्रधान पद के चुनावों के बाद अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने मंडी के आढ़तियों और राइस मिलर्स का धन्यवाद भी किया। रमेश गुप्ता ने सफल चुनाव होने पर टीम के सदस्यों को भी बधाई दी।



**तरावड़ी।** मंडी चुनाव में प्रधान पद पर जीतने के बाद सुभाष गुप्ता का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए समर्थक।

### सबको साथ लेकर चलेंगे

चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित सुभाष गुप्ता ने कहा कि वह आढ़तियों व चावल व्यापारियों का दिल से आभार प्रकट करते हैं। जिन्होंने उनको प्रधान चुनकर मंडी में भेजा है। मंडी मे चुनाव से पहले जो वायदे किए गए थे वह अगले 2 सालों में पूरे किए जाएंगे। वह सबको साथ लेकर चलेंगे। मतगणना के बाद मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने जीत का ऐलान किया। इस मौके पर धनशाम दास गर्ग, सौरभ गर्ग, गैलेक्सी फूड्स के एमडी विजय गोयल, तिलकराज मक्कड़, सुल्तान सिंह सोल्हो, अनिल अंजनथली, राजीव नारंग, गौरव गर्ग, यशपाल शर्मा, वेद सलूजा, रामकुमार शर्मा, बलवंत शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

- शादी करने से मना करने पर आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में करवाया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

जिले के थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी पर युवती व उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी योगेश नाम के युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे पसंद करता है और वह उससे शादी करना चाहता है। वह आरोपी की बातों में आ गई। युवती ने बताया कि तीन जनवरी 2024 को आरोपी युवक ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी युवक से मिलने के लिए गई तो आरोपी युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया।

### जान से मारने की धमकी

इसके बाद उसके परिवार वालों ने आरोपी युवक से बात की मगर आरोपी युवक ने उसे तथा उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी योगेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**खबर संक्षेप**

## मामूली कहासुनी में युवक पर ईंट और डंडों से किया हमला, घायल

**यमुनानगर।** शहर की गोल्डन पुरी कॉलोनी में मामुली सी कहासुनी होने पर दर्जन भर से अधिक युवकों व महिलाओं ने एक युवक पर ईंट व डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपी युवकों को नामजद करते हुए चार पांच अन्य महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोल्डन पुरी कॉलोनी निवासी अमित कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 मार्च को रात आठ बजे वह कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान उसकी कॉलोनी के ही अजय व राहुल नामक युवक के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर आरोपी युवकों ने अपने साथियों काकू, छत्रपाल, रवि कंबोज, राजेश, नीतीश व चार पांच अन्य महिलाओं के साथ मिलकर उस पर ईंट व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपी युवकों को नामजद करते हुए पांच अन्य महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान जारी

# संयुक्त टीमों ने जांचें 2469 वाहन 20 के काटे चालान, चार किए सीज

- डीसी पार्थ गुप्ता ने दी चैकिंग अभियान की जानकारी
- 19 लाख एक हजार 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अवैध खनन और नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से चलाया जा रहा चैकिंग अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत बीती रात खनन विभाग द्वारा 2460 वाहनों की चैकिंग के दौरान 4 वाहन सीज किए तथा 20 वाहनों के चालान कर 19 लाख 1 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने यह जानकारी दी।



**यमुनानगर।** नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहन पर कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि।*

### अवैध खनन किया तो होगी कार्रवाई

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1426 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 4 वाहन सीज कर 17 लाख 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### जगाधरी में टीम ने की 292 वाहनों की जांच

एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 292 वाहनों की चैकिंग के दौरान 11 वाहनों का चालान कर 1 लाख 78 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 505 वाहनों की चैकिंग के दौरान 9 वाहनों का चालान कर 19 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 237 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला में एसडीएमए पुलिस व खनन विभाग की टीम दिनरात चैकिंग की जा रही है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन.रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।



**यमुनानगर।** गांव चौराही में डेयरी व्यवसाय का निरीक्षण करते डीसी पार्थ गुप्ता।

### खेती के साथ पशुपालन से ही किसानों की समृद्धि संभव: डीसी

**यमुनानगर।** बिलासपुर खंड के गांव चौराही में प्रगतिशील किसान नरेश कुमार द्वारा किए जा रहे डेयरी फार्म व्यवसाय का उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने निरीक्षण किया। डीसी । ने किसान नरेश कुमार से डेयरी फार्म व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी ली।
डीसी पार्थ गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान बताया कि किसान नरेश कुमार द्वारा अपने डेयरी फार्म में 125 गाय व बछड़ियां रखी हुई हैं। जिसमें 57 गाय दुधारू हैं और वह प्रतिदिन 1800 लीटर दूध देती हैं। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ साथ पशुपालन की दिशा में भी आगे बढ़ने के लिए आहवान किया। किसानों को अपनी और अपने परिवार की समृद्धि के साथ साथ राज्य की तरक्की में भी अपना योगदान देना चाहिए। डीसी ने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने किसान नरेश कुमार से प्रेरणा लेकर कोई भी व्यक्ति अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता है। डेयरी संचालक किसान नरेश कुमार ने बताया कि सरकार के सहयोग से उन्होंने यह व्यवसाय डेढ़ एकड़ जमीन पर स्थापित किया गया है। इस मौके पर एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक अनिल बनवाला, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, एसडीओ सतबीर, चौराही के सरपंच रामचंद्र, श्याम लाल व बीर सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।



## प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का मौके पर तुरंत करें निपटान: आहूजा

- शिविर में एडीसी नवीन आहूजा ने सुनी समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने लोगों की लोगों की समस्याएं सुनी और उनका शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

एडीसी नवीन कुमार आहूजा ने कहा कि समस्या समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाना जरुरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी नवीन आहूजा ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालय यमुनानगर जगाधरी में भी प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह के वक्त समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों की मोनिटरिंग भी की जा रही है। ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### शिविर का उठाएं लाभ

एडीसी नवीन आहूजा ने जिलेवासियों से आहवान किया कि वह समस्या समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्या का त्वरित समाधान करवाकर लाभ उठाएं। शिविर में पहुंची शिकायतों के समाधान के लिए एडीसी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर नगराधीष पीयूष गुप्ता, डीएसपी राजीव मिगलानी आदि मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज बाधा परीक्षण में जेएमआईटी की छात्रा पलक ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा की 14वीं बटालियन एनसीसी की कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयसिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इंटर कॉलेज बाधा परीक्षण प्रतियोगिता तेजली खेल परिसर यमुनानगर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जेएमआईटी कॉलेज के 15 छात्रों ने भाग लिया। सीनियर श्रेणी में कैडेट पलक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कर्नल जीतेंद्र दहिया ने कैडेट पलक को सम्मानित कर उनकी सराहना की सभी कैडेट को अनुशासन एवं मेहनत आगे बढ़ने का आह्वान किया।

संस्थान के निदेशक डॉ.संजीव गर्ग ने कहा कि हमारा संस्थान अपने विद्यार्थियों की उन्नति के लिए उनकी हर संभव सहायता करता है तथा हमारे कैडेट भी पूरी लगन के साथ मेहनत करते हुए अपने कॉलेज का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कैडेट पलक के साथ-साथ और कैडेट के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु लेफ्टिनेंट डिंपल कुमार सैनी एनसीसी के प्रभारी ने विशेष रूप से अपने सभी 15 कैडेट्स का मार्गदर्शन किया और उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सही दिशा में प्रयास किए।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी कॉलेज रादौर में खिलाड़ी पलक को सम्मानित करते निदेशक डॉ.एसके गर्ग।

## डीएपी की कमी से परेशान किसान कृषि मंत्री से समाधान की गुहार

- डीएपी की कमी से गन्ना, शिमला मिर्च, चेरी व दूसरी फसलें हो रही हैं प्रभावित, प्रशासन और सरकार नहीं कर रही कोई समाधान
- खाद के लिए दुकानों व पैक्स में धक्के खाने को विवश हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में डीएपी खाद न मिलने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलें खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसान डीएपी खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो रहे हैं। जिस कारण किसानों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है।

किसान डॉ.लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि एक ओर तो सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर दुकानों व पैक्स केंद्रों में किसान डीएपी खाद के लिए धक्के खा रहे हैं। सरकार को चाहिए था कि किसानों की फसलों के लिए डीएपी खाद की उचित मात्रा रखी जाए, परंतु सरकार व प्रशासन ने डीएपी खाद को लेकर अपने हाथ खड़े कर लिए हैं।



**रादौर।** डीएपी उपलब्ध करवाने की मांग बारे जानकारी देते डॉ.लाभ सिंह।

डीएपी खाद समय पर नहीं मिलने से उनकी गन्ना, चेरी, शिमला मिर्च व अन्य फसलें खराब हो सकती हैं। जिसके लिए सरकार सीधे तौर पर जिम्मेवार है। उन्होंने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से जल्द से जल्द डीएपी खाद उपलब्ध करवाए जाने की मांग की।

## महिलाओं में बढ़ता सर्वाइकल कैंसर चिंता का एक बड़ा कारण : डॉ. तलूजा

- ग्लोबल इंस्टीट्यूट में स्टार्टअप रणनीतियां एवं व्यवसाय मॉडल विकास विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) के तत्वावधान में स्टार्टअप रणनीतियां एवं व्यवसाय मॉडल विकास विषय पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। एनबीएस ग्लोबल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित कांबोज ने भाग लिया। अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अशवनी ढींगरा ने की।

अमित कांबोज ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप आइडिएशन, रणनीतिक योजना निर्माण और सतत व्यवसाय मॉडल्स के विकास पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बाजार की आवश्यकताओं को पहचानने, व्यावसायिक विचारों को मान्य करने तथा एक स्केलेबल वेंचर की नींव रखने के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने विभिन्न व्यवसाय मॉडल्स, फंडिंग रणनीतियां और आज के डिजिटल युग में नवाचार की भूमिका पर भी चर्चा की। विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से एक उपयुक्त स्टार्टअप आइडिया कैसे चुना जाए, असफलता से कैसे निपटा जाए, निवेश कैसे प्राप्त किया जाए तथा एक मजबूत टीम कैसे तैयार की जाए जैसे प्रश्न पूछे। प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा व संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने विद्यार्थियों के लिए इस प्रेरणादायिक व्याख्यान का आयोजन करने के लिए प्राचार्य समेत स्टॉफ सदस्यों की सराहना की। संस्थान भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च ग्रुप शिक्षण संस्थान में आयोजित व्याख्यान में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि।*

## अग्रवाल धर्मशाला: रक्तदान शिविर में 115 यूनिट रक्त एकत्रित, 650 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

निफा समाजसेवी संस्था एवं मदर मेरी चैरिटी होम संस्था की ओर से शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 94वें बलिदान दिवस के उपलक्ष में 146 वें रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गुमथला राव की अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि करनाल के पूर्व मेयर मनोज वधवा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। ठाकुर द्वारा बाबा गंगा राम ट्रस्ट व ग्राम पंचायत गुमथला राव के सहयोग से आयोजित शिविर में 115 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं 650 से अधिक मरीजों का चेकअप किया गया।



**यमुनानगर।** गुमथला में रक्तदाताओं को बैज लगाते मुख्य अतिथि।

संस्था के डायरेक्टर विक्रम सिंह ने कहा कि मदर मैरी चैरिटी होम संस्था द्वारा जिले में रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्त दुनिया की किसी भी मशीन में तैयार नहीं होता है, इसे एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को दे सकता है। हमारे देश के आजादी के लिए बलिदान हुए शहीदों को नमन करने का इससे अच्छा तरीका कोई और हो नहीं सकता। जांच शिविर में डॉ.अनिल अग्रवाल अस्पताल की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। आंखों के मरीज का चेकअप तलवार आई केयर सेंटर की टीम द्वारा ऑप्टिम इंदु कपूर की निगरानी में किया गया।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में 30वें वार्षिक रक्तदान शिविर, 251 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में रोटरी क्लब,लायंस क्लब , सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया व पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से 30वें वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 251 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

सामान्य अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। सम्मानित अतिथियों सरदार बलवंत सिंह, सरदार अमरदीप सिंह, डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल, संजीव सेठी, रोटेरियन मैडम रितु सेठी, डॉ. कमलप्रीत कौर, एडवोकेट अनिल गुलाटी, राजकुमार बंगा, डॉ. पूनम कोहली व हरीश ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने शिविर में पहुंचे चिकित्सकों व अतिथियों का स्वागत किया। सौ से अधिक बार रक्तदान करने वाले स्टार डोनरों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए कॉलेज द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे। उन्होंने रक्तदान शिविर का आयोजन करने के लिए स्टॉफ सदस्यों व प्राचार्या की प्रशंसा की। मौके पर डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह व प्रो. गुरविंदर कौर मौजूद रहे।



## पुलिस अधिकारी व कर्मचारी आधुनिक टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षित रहें : देसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एसपी राजीव देशवाल ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी आधुनिक टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षित रहें। यही आज समय की मांग है। उन्होंने जिलास्तरीय अपराध व कानून व्यवस्था समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोष्ठी में जिला पुलिस के सभी डीएसपी, अपराध शाखा प्रभारी, थाना प्रबंधक और चौकी प्रभारियों ने भाग लिया।

एसपी ने गोष्ठी में जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने पर व पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुए बिंदुओं पर थानावार चर्चा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जिला में महिलाओं की सुरक्षा, अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करों, शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, बेल जंपर को गिरफ्तार किए जाने, फुट पेट्रोलिंग के साथ ही सभी मुख्य मार्गों, चोराहों, हाइवें व इंटर स्टेट नाकों पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चैकिंग करने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** गोष्ठी में पुलिस अधिकारियो को निर्देश देते एसपी राजीव देशवाल।

### नशा तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश

एसपी ने सभी प्रबन्धक थाना को विशेष हिदायत दी कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाकर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के सख्त करवाई की जाए। मौके पर एडिशनल एसपी सृष्टि गुप्ता, डीएसपी राजेंद्र सिंह, राजीव मिगलानी, राजेश कुमार व सभी थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### बैंकों की समीक्षा एवं परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित

# युवाओं के रोजगार को लेकर रहें संवेदनशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में बैंको की जिलास्तरीय समीक्षा एवं जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार ने की। उन्होंने बैठक में मौजूद बैंको के प्रतिनिधियों से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग देने के लिए आहवान किया।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार ने कहा कि बैंक अधिकारी युवाओं को रोजगार तथा स्वावलंबी बनाने के लिए संवेदनशील होकर ऋण वितरण करें। उन्होंने कहा कि आवेदनों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए तथा लाभार्थियों के प्रति संवेदनशील बनें। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार ने बैठक में एजेंडे में रखे बिन्दुओं बारे संबंधित बैंक अधिकारियों से बिंदु वाइज समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिऐ। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों का केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ योग्य व्यक्ति को प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होता है। बैठक के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वनिधी योजना व स्टैंड अप इंडिया स्कीम सहित अन्य योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा जो कार्य लंबित हैं। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंक योजनाओं के संबन्ध में जो भी दस्तावेज अथवा योग्यता है। उस बारे में चेकलिस्ट अपनी शाखाओं में चस्पा करवाएं । ताकि लोगों को आवेदन करने में आसानी हो। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार ने एलडीएम प्रवीण अजमानी को बैठक में भाग नहीं लेने वाले एक्सिस, आईडीएफसी, केनरा, आईडीबीआई, बंधन, इंडस, जेएंडके, कोटक, एयू स्मॉल, शिवालिक स्माल फाइनेंस, आईएएनएस स्माल फाइनेंस बैंक आदि को नोटिस जारी करके नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी व विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योग्य पात्रों को लाभ दिलवाने की दिशा में कार्य करें। इस अवसर पर आरबीआई से मनजीत, नाबार्ड से रितु वर्मा आदि मौजूद रहे।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैंको की जिलास्तरीय समीक्षा एवं जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एडीसी नवीन कुमार।

## चैत्र चौदस मेला हिंदु-सिक्ख एकता का प्रतीक, देशभर से लोग अमावस्या पर करते स्नान

*दो दिनों में लगभग पांच लाख से अधिक लोगों की मेले में पंहुचने की संभावना*

# एसडीएम कपिल ने सूचना प्रसारण केंद्र में चैत्र चौदस मेले का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। सूचना प्रसारण केंद्र में चैत्र चौदस मेले का उद्घाटन करते एसडीएम व एस डी एम का अभिनंदन करते गणमान्य जन।



पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर कर्मकांड करते श्रद्धालु।

मेला प्रशासक एवं एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में वीरवार 27 मार्च को चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ हो चुका है, जोकि 29 मार्च 2025 तक चलेगा। एसडीएम ने चेत्र चौदस मेले के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि चैत्र चौदस मेला हिंदु-सिक्ख एकता का प्रतीक है, जिसमें देश भर से लोग अमावस के अवसर पर स्नान करते हैं तथा अपने पित्रों की आत्मा का शांति के पिंडदान व पूजा-पाठ करवाते हैं। एसडीएम ने कहा कि चैत्र चौदस मेले के पहले दिन भारी संख्या में लोग मेले में पंहुच रहे हैं तथा आगामी दो दिनों में लगभग पांच लाख से भी अधिक लोगों की मेले में पंहुचने की संभावना है। एसडीएम कपिल कुमार ने वीरवार को बाल भवन में बने सूचना प्रसारण केंद्र में चेत्र चौदस मेले का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात चैत्र चौदस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व है। कुरुक्षेत्र की परीधि में पड़ने वाले तीर्थों में सर्वाधिक महत्व पृथुदक तीर्थ का माना गया है। वामण पुराण के अनुसार वेन के पुत्र पृथु के नाम से इस तीर्थ का नाम पृथुदक हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तीर्थ में स्नान का अति महत्व माना गया है। यहां स्नान करने से सारे पाप नष्ट हो जाते है तथा व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ की फल की प्राप्ति के साथ-साथ स्वर्गलोक भी प्राप्त हो जाता है। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि चैत्र-चौदस मेला देश के सभी लोगों का मेला है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्घालू मेले में आते हैं तथा परपंरागत तरीके से अमावस के समय स्नान करते हैं। चैत्र चौदस मेले के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्घालुओं के लिए मेला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। चैत्र चौदस मेले के अवसर पर सूचना प्रसारण केंद्र की स्थापना की गई है, जो समय-समय पर घोषणाओं के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को लोगों तक पंहुचाते हैं। इसके अतिरिक्त गुमशुदा लोगों को अपने प्रियजनों से मिलवाने का कार्य भी सूचना प्रसारण केंद्र के माध्यम से किया जाता है। चैत्र चौदस मेले के उदघाटन उपरांत नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि पुराणों के अनुसार पाडवों के बड़े भाई युद्धिष्टर ने महाभारत के युद्ध में मारे गए अपने सगे संबंधियों का यहीं पर पिंड दान करवाया था। चैत्र चौदस को यहा स्नान करने का विशेष महत्व है। चैत्र चौदस मेले में श्रद्धालुओं का लगभग 80 प्रतिशत वर्ग सिक्ख समुदाय से आता है। इसलिए इस मेले को हिन्दू-सिक्ख एकता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर डीएसपी निर्मल सिंह, तहसीलदार विनती, नगरपालिका सचिव मोहन लाल, मार्केट कमेटी सचिव चंद्र सिंह, केडीबी सदस्य युधिष्ठिद्दर बहल, उमाकांत शास्त्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मेले में स्वास्थ्य विभाग दे रहा चिकित्सा सेवाएं : डा. मनीषा

**पिहोवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. मनीषा सिंह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में चेत्र चौदस मेले के दौरान आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि मेले में आने वाले लोगो के स्वास्थ्य को देखते हुए शहर में एंटी लार्वा व एंटी फ्लाई गतिविधियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मक्खी मच्छर से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए दुकानों रेहड़ियों आदि पर साफ सफाई के रख-रखाव हेतु उन्हें समय-समय पर जागरुक करते रहें। इसके अतिरिक्त हर प्रकार के खाद्य पदार्थ को ढक क रखने व कटे फटे फल न बेचने के बारे में भी जांच करते रहें। लोगो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पानी के नमूनों का ओटी व बीटी टेस्ट किया जाए। इस कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम के साथ मिलकर 9 पानी के नमूने बीटी टेस्ट के लिए लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र भेजे है व 15 ओटी टेस्ट किए हैं जो कि पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में एंटी लार्वा/एंटी फ्लाई कार्य किया व पानी के नमूनों की जांच की। मीटिंग में डा. शिवनित कौर, मंजीत सिंह भोला एचआई, संजय काजल एमपीएचडब्ल्यू, डा. गुरप्रीत सिंह एचआईवी काऊंसलर ने हिस्सा लिया। एंटी लार्वा व एंटी फ्लाई गतिविधियों में मंजीत एचआई के नेतृत्व में विजय सिंह, मनदीप, कुलदीप सिंह, तेजवीर गोरिया और प्रदीप कुमार ने कार्य किया।

## पूर्णाहुति के साथ जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ सम्पन्न



- 10 दिन तक चले महायज्ञ में डाली गई 10 लाख आहुतियां
- 17 सितंबर को यज्ञ दिवस और कुरुक्षेत्र को धाम बनाने की सरकार से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 18 मार्च से चल रहा 1008 कुंडीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। सम्पन्न अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु महा यज्ञ में भाग लेने पहुंचे। 18 से 27 मार्च तक चले इस 10 दिवसीय महायज्ञ में हर रोज एक मंत्रोच्चारण के बीच लाख आहुतियां डाली जाती रही। महायज्ञ के अंतिम दिन पर्यावरण एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा भी महायज्ञ में पहुंचे और उन्होंने भी आहुति डाली। 10 दिनों तक लगातार मुख्य यजमान रहे साहिल सुधा और सुगंधा सुधा ने पूर्णाहुति डाली। इसके उपरांत मुख्य मंच पर दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मुख्य मंच पर स्वामी हरिओम दास ने 17 सितंबर को यज्ञ दिवस घोषित करने और कुरुक्षेत्र को यज्ञ धाम बनाने की सरकार से मांग भी की। महायज्ञ के समापन पर यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम ने एक-एक श्रद्धालु का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में इस महायज्ञ के आयोजन से कुरुक्षेत्र धरा की पहचान देश-दुनियां में और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के कारण पर्यावरण शुद्ध होता है। इसलिए वे हर घर यज्ञ, घर घर यज्ञ मुहिम को चला रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आज पूरी तरह से बिगड़ चुके पर्यावरण को संतुलित करने के लिए ऐसे आयोजन किए जाने की जरूरत है। उन्होंने भी कहा कि यज्ञ हर घर में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब यह धरा कुरुक्षेत्र धाम बन चुकी है। यहां इस आयोजन के चलते ही अनेक संत महात्मा भी पहुंचे हैं जिससे सनातन को और भी मजबूती मिली है।

### केशव पार्क में लगाए 108 पौधे

महायज्ञ में मुख्य यजमान रहे युवा भाजपा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं स्वामी हरिओम ने केशव पार्क में 108 पौधे लगाए। वहीं साहिल सुधा ने जहां अपने जन्मदिन पर 108 पौधे लगाए वहीं एक वर्ष में 51 हजार पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

## शिव पुराण की कथा से भक्तों को शिव सानिध्य सहज प्राप्त होता : आचार्य

- बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम ने शिव महापुराण कथा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी जिससे कथा पंडाल में जगह कम पड गई। शिव पुराण की कथा कहने, सुनने और करानेवाले शिव भक्तों को शिव सान्निध्य सहज प्राप्त हो जाता है। कथा के तीसरे दिन उज्जैन के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु ने संध्या, कामदेव व कुबेर के जन्म की कथा को सुनाया। आचार्य महेश गुरु ने काशी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ने काशी का निर्माण भगवती परांबा के रहने के लिए किया। काशी को अविमुक्त क्षेत्र कहते हैं क्योंकि काशी में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भगवान शिव मुक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि युवा पीढ़ी फैशन ओर दिखावा छोड़ कर भारत की गौरवशाली संस्कृति नैतिक मूल्यों को अपनाए। मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व अमित गोयल ने सपरिवार आरती की। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि कथा स्थल पर बाबा बंसी वाले का अखंड भंडारा चल रहा है जहां हजारों लोग भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## जयराम संस्थाओं में कल भव्य कार्यक्रम का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सर्व जनकल्याण की भावना से देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं में 29 मार्च को भगवान श्री राम भक्त हनुमान की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस में श्री जयराम संस्थाओं के ट्रस्टियों, पदाधिकारियों एवं भक्तों की विशेष भागीदारी होगी। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का अवतरण दिवस 29 मार्च को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के जन्मोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र के जयराम विद्यापीठ में यज्ञ एवं भगवान श्री राम भक्त श्री हनुमान का विशेष पूजन होगा। बउनके द्वारा संस्थाओं के सभी सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक कार्यक्रम वीर हनुमान के आह्वान के साथ ही आयोजित होते हैं।

## विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को चित्रकला के माध्यम से किया व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भगवान परशुराम कॉलेज में संगीत विभाग के द्वारा संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. रमा शर्मा के निर्देशन में संगीत वाद्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने संगीत वाद्य यंत्रों की रचनात्मकता और सौंदर्य को अपने कला के माध्यम से चित्रित किया। आयोजन के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल रहे। सबसे पहले डॉ. रमा शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संगीत और कला के बीच संबंध को प्रदर्शित करना था। जहां विद्यार्थियों ने न केवल वाद्य यंत्रों के रूप और स्वरूप को दिखाया बल्कि अपनी भावनाओं और सांस्कृतिक महता को भी अपनी चित्रकला के माध्यम से व्यक्त किया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम संगीत और कला के बीच संबंध को और मजबूत कर सकते हैं, साथ ही यह युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बन सकता है। इस प्रकार की प्रतियोगिता हमारे समाज में कला और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित पी.जी. डिप्लोमा इन आर्काइव्स एंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट प्रथम सेमेस्टर, एमएससी. (अर्थशास्त्र) ऑनर्स 9वां सेमेस्टर, एमबीए प्रथम (रि-अपीयर), एम.एससी. (बायो-टेक) (5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) 9वां सेमेस्टर, एमबीए प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), बी.ए. तृतीय सेमेस्टर (एनईपी), बी.एससी. तीसरा सेमेस्टर (एनईपी), एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस) सॉफ्टवेयर (सीबीसीएस) तीसरा सेमेस्टर तथा एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस) सॉफ्टवेयर (नॉन-सीबीसीएस) तीसरा सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए हैं।

## 35 यूनिट रक्त किया एकत्रित

### फीनिक्स क्लब ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



समाजिक संस्था फीनिक्स क्लब द्वारा वात्सल्य वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति एवं पूर्व प्रधान धीरज गुलाटी के जन्मदिन पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास परिवराजक ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदाता द्वारा किया गया रक्तदान असंख्य लोगों को नया जीवन प्रदान करता है। स्वस्थ मनुष्य को हर तीन माह बाद रक्तदान करते रहने चाहिए। संसार में रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसलिए किसी एक मनुष्य में रक्त की पूर्ति को दूसरे मनुष्य द्वारा किए गए रक्तदान द्वारा ही पूर्ण किया जा सकता है। इस अवसर पर धीरज गुलाटी के जन्मदिवस के मौके पर केक भी काटा गया। संत महात्माओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और क्लब के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

*उपायुक्त के आदेशानुसार कार्रवाई*

## डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा कुरुक्षेत्र रोड पर रिलायंस पैट्रोल पंप के पीछे 4 एकड़ व गांव उसमानपुर में 3 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा कुरुक्षेत्र रोड पर रिलायंस पैट्रोल पंप के पीछे 4 एकड़ व गांव उसमानपुर में 3 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा कुरुक्षेत्र रोड पर रिलायंस पैट्रोल पंप के पीछे 4 एकड़ व गांव उसमानपुर में 3 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

### नव सम्वत नव वर्ष अभिनंदन समारोह 30 को

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के स्नेहिल सानिध्य में पुरुषोत्तमपुरा बाग में 30 मार्च को नव सम्वत नव वर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा नगर की प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से पहली बार इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। सायं को 5 बजे पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित इस समारोह की तैयारियों को लेकर नगर की संस्थाएं जुटी हुई है। आयोजन की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। गीता ज्ञान संस्थानम् के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की 30 मार्च को सायं 4 बजे गीता ज्ञान संस्थानम् में गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद जी महाराज ध्वजारोहण करेंगे और उसके पश्चात श्रद्धालुओं के संग संकीर्तन करते हुए पुरुषोत्तमपुरा बाग में पहुंचेंगे। जहां पर गीता पाठ और महाआरती होगी और इसके पश्चात भजन संध्या एवं गीता मनीषी का आशीर्वचन होगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया जाएगा। नव सम्वत नव वर्ष अभिनंदन समारोह की तैयारी को लेकर नगर के चौकों को सनातन भगवां ध्वजाओं से सजाया जा रहा है। नगर की संस्थाएं इस आयोजन के प्रचार-प्रचार में जुटी हुई हैं। संस्थाओं द्वारा नगर के विभिन्न भागों में जाकर इस आयोजन का निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी का जीवन गाय, गीता और सनातन परंपराओं के प्रति समर्पित है। सनातन परंपराओं को संजोए रखने के लिए गीता मनीषी की प्रेरणा से श्री कृष्ण जीओ गीता परिवार द्वारा नव सम्वत नव वर्ष अभिनंदन समारोह प्रारंभ किया गया है। ताकि आने वाली पीढी को अपनी सनातन परंपराओं का ज्ञान हो सके।



स्वामी ज्ञानानंद महाराज।



लाडवा। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर लोगों को सेवाएं देते हुए।

### छलौंदी में हुआ नवीन संकल्प शिविर आयोजित

**लाडवा।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा लाडवा के छलौंदी में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में गांव वासियों की कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान किया गया। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए जा रहे नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं लोगों को प्रदान की जा रही हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के गांवों में लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई। नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने इस अवसर पर बताया कि इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आज के नवीन संकल्प शिविर में 111 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 4 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। नवीन संकल्प शिविर में 45 लोगों की समस्याओं का समाधान और छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि ये नवीन संकल्प शिविर लोगों के जीवन में उपयोगी एवं सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

**कार्यक्रम** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदासपुरा में वार्षिकोत्सव आयोजित

*130 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पदक जीते*

# हर क्षेत्र में अग्रणी होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी : माफी ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी प्रतिभा के धनी हैं। सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। वह वीरवार को गांव देवीदासपुरा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि होनहार विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में भी हर सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। आज सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के पास भी बड़ी-बड़ी लैब और हर आधुनिक उपकरण उपलब्ध है। विद्यालयों में अनुभवी शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नई पीढ़ी को कुशल बनाने में जुटे हुए हैं। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता करते हुए जिला परियोजना अधिकारी रोहतास वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए एनईपी से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश भर में पीएम श्री स्कूल बनाकर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। प्रदेश सरकार की ओर से विद्यालयों में आधुनिक उपकरण मुहैया करवाए जा रहे हैं। इससे विद्यालयों में शिक्षा का माहौल बन रहा है और विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। प्रधानाचार्य सुनीता सागवाल ने विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 130 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पदक जीते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां भी दी गई। उन्होंने वार्षिकोत्सव में पहुंचे अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता मलकीत सिंह,मुख्याध्यापक राजपाल, मनोज, शुभद्रा, अमृत कौर, नीरज आश्री, प्रियंका शर्मा, मीनू, अनिता, डा. विजेंद्र सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।



### सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा के साथ मिलेंगी तमाम उच्च स्तरीय सुविधाएं : संतोष शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग ने बदल रहे हैं सरकारी स्कूल, आओ बदलाव का हिस्सा बनें चलो सरकारी स्कूल चलें नाम से अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने सभी अध्यापकों, प्रधानाचार्यों और एसएमसी सदस्यों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए इस अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता शिक्षण के लिए हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकताओं में अच्छी शिक्षा प्रमुखता से रखी गई है। सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा के साथ मिलेंगी तमाम उच्च स्तरीय सुविधाएं भी मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### एप्लीकेशन राइटिंग पर कार्यशाला आयोजित

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में जॉब एप्लीकेशन राइटिंग विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवेदन-पत्र एवं आत्मवृत्त (रिज्यूमे) लिखने की प्रभावी तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने छात्रों से कहा कि आत्मवृत्त नौकरी पाने की दिशा में पहला कदम है।

### छात्रों ने इंडस्ट्रियल ऑफिस का किया भ्रमण

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सीआरसी यूनिट,कंप्यूटर एप्लिकेशन , एमबीए एवं कॉमर्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में इंडसट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भारत में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र के ऑफिस का भ्रमण किया गया। एमसीए विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर ने बताया कि इस विजिट में कॉलेज के छात्रों ने उत्साह से भाग लिया।

### समस्याओं का मौके पर करें समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर लोगो की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान करवाया।

### एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सेंटर एंड म्यूजियम एवं जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के रूप में विद्यार्थियों को राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम, चंडीगढ़ दिखाया गया है। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी एवं शैक्षणिक भ्रमण के इंचार्ज ने बताया कि इतिहास विभाग हर साल की तरह इस साल इतिहास के बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया है।

### नारायणगढ़ में एक से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**नारायणगढ़।** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने वीरवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में आढतियों एवं कमेटी के अधिकारियों की बैठक ली। 1 अप्रैल से अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी। 15 मार्च से इस बार नारायणगढ़ अनाज मंडी में सरसों की भी सरकारी खरीद की जा रही है। उन्होंने मण्डी के निरीक्षण के दौरान सरसों की खरीद का जायजा भी लिया। कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा को निर्देश दिए कि मंडरी में बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट, शौचालय तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए।

### छात्रों को समझाया स्वच्छता का महत्व




मुलाना। छात्रों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**मुलाना।** गांव धनौरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. उमा ने अपने विचार साझा किए। डॉ. उमा ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य, गीता रानी ,शिक्षकगण और छात्र उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गीता रानी ने भी स्वच्छता के महत्व को बताया और जीवन अच्छी आदतों को अपनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया । विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया ।

# ऑनलाइन बर्थ सर्टिफिकेट बना आफत, बेटे का नाम गायब और माता पिता का नाम मिला गलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनवाना लोगों के लिए टेढ़ी खीर बन चुका है। लोग जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन बनवाने और इसके रिकॉर्ड को सही करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। इस से खफा एक व्यक्ति ने सीएम नायब सैनी ने इस मामले में दखल देने और सिस्टम को सुधारने की गुहार लगाई है।

### गांव तंदवाल का मामला

मामला गांव तंदवाल का है। यहां के रहने वाले जसवंत सिंह ने बताया कि उसके लड़के दीक्षांत चौहान का पहले से ऑफलाइन सर्टिफिकेट बना हुआ है। उस समय ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने की सुविधा नहीं थी। सरकारी अस्पताल से डॉक्टर ऑफलाइन ही जन्म प्रमाण पत्र बना कर देते थे।



बराड़ा। सीएम को भेजी शिकायत को दिखाते पीड़ित।

**ऑनलाइन के फेर में उलझे**

### सर्टिफिकेट देखकर हैरान

#### जन्म प्रमाण पत्र बराड़ा पीएचसी से 18 मई 2007 को बनवाया था

पीड़ित जसवंत सिंह ने बताया कि उनके बेटे दीक्षांत चौहान का जन्म 21 अप्रैल 2007 को हुआ था। उन्होंने उसका जन्म प्रमाण पत्र बराड़ा पीएचसी से 18 मई 2007 को बनवाया था। इस प्रमाण पत्र में उनका नाम जसवंत सिंह और उनकी पत्नी का नाम नीलम रानी सही दर्ज किया गया था। हाल ही में जब उन्हें ऑनलाइन वाले बर्थ सर्टिफिकेट की जरूरत हुई तो उन्होंने सीएससी के जरिये ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया लेकिन नए बनकर आए बर्थ सर्टिफिकेट को देखकर वो हैरान रह गए। इस सर्टिफिकेट में उनके बेटे का नाम ही नहीं था। इसके साथ ही माता-पिता के नाम भी गलत दर्ज किया गया था।

**पीएचसी का स्टाफ पीड़ित से बोला**

### आप अकेले ऐसे नहीं हो, ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके रिकॉर्ड में गड़बड़

इस मामले को लेकर जब पीड़ित जसवंत सिंह सीएचसी पहुंचे तो वहां उन्हें बताया गया कि इसके लिए तो आपको नई फाइल बनानी होगी। पीड़ित जसवंत सिंह ने जब वहा मौजूद स्टाफ से पूछा कि जब ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र में सही विवरण दर्ज है तो ऑनलाइन प्रमाण पत्र में जानकारी अलग क्यों दी गई?

जबकि ऑफलाइन प्रमाण पत्र भी आपके ही कार्यालय की ओर से जारी किया गया है तो स्टाफ के लोगों ने उनसे कहा कि आप अकेले ऐसे नहीं हो। ऐसे बहुत से लोग है। जिनके रिकॉर्ड में गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि आपको तो नई फ़ाइल बनवानी ही पड़ेगी। पीड़ति ने सीएम को भेजी अपनी शिकायत में अनुरोध किया है कि उनके बेटे के ऑनलाइन वाले जन्म प्रमाण पत्र को ऑफलाइन प्रमाण पत्र के रिकॉर्ड के अनुसार सही बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन के चक्कर में काफी लोग ऐसे ही दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। उन्होंने सीएम से गुहार लगाई कि इस सिस्टम को ठीक किया जाए ताकि भविष्य में किसी को भी इस तरह की समस्या के लिए परेशान न होना पड़े।

#### उपायुक्त ने मुआयना किया, जरुरी व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

# 50 से 100 बेड का होगा नागरिक अस्पताल 22.15 करोड़ की लागत से बन रहा है भवन

**डीसी ने एसडीएम ऑफिस, तहसील, सब ट्रेजरी व पुलिस स्टेशन का भी किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

यहां के नागरिक अस्पताल को 50 से 100 बैड का किया जा रहा है। इसके लिए नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। 22.15 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले नए भवन का उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुआयना किया।

इसके अलावा वीरवार को डीसी ने यहां के एसडीएम कार्यालय, तहसील , सब-ट्रेजरी, पुलिस स्टेशन तथा नागरिक अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम शाश्वत सांगवान तथा नायब तहसीलदार संजीव अत्री भी मौजूद रहे। उन्होंने एसडीएम कार्यालय से संबंधित कार्यों का फीडबेक भी एसडीएम से लिया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय में ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कार्य से आए लोगों से भी बातचीत की। ई-दिशा केन्द्र की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तहसील के निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य का अवलोकन किया। मॉडर्न रिकॉर्ड रूम भी चेक किया। उपायुक्त ने पटवारियों के बैठने के रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए।



बराड़ा। उपायुक्त अजय सिंह ई-दिशा केंद्र के निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए कि सरकारी कार्यालयों में अपने कार्य से आने वाले लोगों के कार्य सरलता से हो और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इस बात का भी ध्यान रखा जाए। उपायुक्त ने नागरिक अस्पताल के निरीक्षण के दौरान वहां पर बन रहे नए भवन का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पीडबल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित मलिक से अस्पताल के नये भवन को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल का भवन निर्धारित मापदंड अनुसार सही प्रकार से और निर्धारित समयावधि में पूरा हो इस बारे में विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने नागरिक अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एमरजेंसी, मरिजों के दाखिल करने के वार्ड तथा ओपीडी आदि के बारे में भी एसएमओं डॉ. प्रवीण कुमार से जानकारी प्राप्त की।

### एसएमओ ने अस्पताल में पहुंचें उपायुक्त को एक पौधा देकर स्वागत किया

अस्पताल में पहुंचने एसएमओं ने उपायुक्त को एक पौधा देकर उनका स्वागत किया। पुलिस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर रखे असलाह रूम और रिकार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डीएसपी सूरज चावला से कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने महिला थाना नारायणगढ का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसएचओ ललित शर्मा, इंस्पेक्टर शांति देवी, एसडीओ दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

# कारोबारी की हत्या, अभी तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा

**तीन टीमें कर रहीं मामले की जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

- दुकान के भीतर ही मारी गई गोली, जांच के दौरान एक युवक पर शक

लालपुर गांव में करियाना व्यापारी सुदेश गुप्ता की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अभी तक पुलिस किसी आरोपी को नहीं पकड़ पाई। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पता चला है कि पीछे से सीने में गोली लगने से व्यापारी सुदेश गुप्ता की मौत हुई है। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया है। पुलिस मामले को रंजिश से जोड़कर देख रही है। पुलिस की मानें तो आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीआईए के साथ दो टीमें लगातार हत्यारों को काबू करने का प्रयास कर रही हैं। व्यापारी सुदेश कुमार गुप्ता की पत्नी सीता देवी ने बताया कि उसके पति घर के पास ही करियाने की दुकान चलाते थे। उसके पति ने अभी कुछ दिन पहले ही लालपुर गांव में पेट्रोल पंप लगाया था । इसका मुहूर्त 30 मार्च को होना है। 25 मार्च को शाम के लगभग 7.30 बजे जब वो और उसका पोता भव्य गांव के ही मंदिर में माथा टेक कर अपनी दुकान के पास आए तो देखा कि उसके पति सुदेश कुमार दुकान के अंदर ही फर्श पर औंधे मुंह पड़े हुए थे। उनकी छाती से काफी खून बह रहा था। जब वो डर के मारे चिल्लाई तो आस-पास के व्यक्ति मौके पर आ गए। फिर वो निजी गाड़ी से अपने पति को पड़ोसियों की मदद से सरकारी अस्पताल ले गई। यहां डाक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीता देवी ने बताया कि रंजिशन उसके मेरे पति की हत्या की गई है।

### पीछे से मारी गोली

एसएचओ ललित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच चल रही है। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण छाती में पीछे की तरफ से गोली लगने से मौत हुई है।

- शिमला में 90 छात्रों का प्रशिक्षण शिविर खत्म

# बच्चे बोले पांच दिन न देखा मोबाइल और न टेलीविजन



अंबाला। शिविर के समापन पर बच्चों के साथ डीईईओ सुधीर कालड़ा व अन्य शिक्षक।

**अंबाला।** शिमला स्थित तारा देवी प्रशिक्षण केंद्र में भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से आयोजित शिविर में अंबाला के प्राईमरी कक्षाओं के बच्चों ने हिस्सेदारी की। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के शिविर में ऐसा पहली बार हुआ जब भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में प्राईमरी कक्षाओं के बच्चों का प्रशिक्षण हुआ हो। यह गौरव जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अगुवाई में प्राइमरी स्कूलों के 90 बच्चों को हासिल हुआ है। इन 90 बच्चों के साथ-साथ इनको पढ़ाने वाले 13 अध्यापक- अध्यापिकाओं को भी प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन दिवस के मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा स्वयं राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र तारा देवी के प्रांगण में बच्चों के बीच पहुंचे और बच्चों व अध्यापकों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा से प्रशिक्षण शिविर के अपने अनुभवों सांझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है। यहां रहकर उन्हें अनुशासन में रहने की भी सीख मिली है। यहां वे बिना माता-पिता के निर्देशों के समय पर जागते रहे और समय पर सोते थे। यहां रहते हुए उन्हें कभी टीवी और मोबाइल की भी याद नहीं आई। बच्चों ने कहा कि शिविर के दौरान उनके रहने और खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

**कुर्सी संभालते ही एक्शन में आए अध्यक्ष**

# वार्ड नंबर-16 में गली निर्माण कार्य हुआ शुरू

**बराड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कार्यभार संभालते ही नगर के विकास कार्यों को गति देनी शुरू कर दी है। पदभार ग्रहण करने के 24 घंटे के भीतर ही उन्होंने वार्ड 16 में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नारियल फोड़कर इस कार्य की शुरुआत की गई, जिसमें वार्ड 16 की नपा सदस्य गुरजिंदर कौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर पार्षद गुरजिंदर कौर ने अध्यक्ष रजत मलिक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवार्ड 16 में कई विकास कार्य अभी लंबित हैं लेकिन इस गली से नई शुरुआत हो गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रजत मलिक के नेतृत्व में क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य होंगे। मलिक ने वार्ड वासियों का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने वार्ड 16 से अपने कार्यों की शुरुआत की है और आने वाले समय में नगर के सभी वार्डों में अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। सभी 16 पार्षदों के साथ मिलकर शहर के विकास में कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मौके पर वार्ड 16 के बलदेव सिंह, स्वर्ण सिंह, सुरिंदर सिंह, सुखबिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, रिकी हरजीत सिंह, वजिंदर सिंह, बलजीत सिंह, हरजिंदर कौर, गुरमीत कौर, रघुबीर सिंह, अमरजीत सिंह अन्य उपस्थित रहे।



बराड़ा। गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते अध्यक्ष रजत मलिक।

# 25 वाहन जब्त, मालिकों से करीब 29 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 26 मार्च 2025 तक अवैध खनन के मामले में 25 वाहनों को जब्त किया गया है। वाहन मालिकों से जुर्माने के तौर पर 28 लाख 90 हजार 750 की राशि वसूली गई है। इसके साथ-साथ नियमों की अवहेलना पाए जाने पर 3 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

उपायुक्त वीरवार को अवैध खनन को लेकर नारायणगढ़ शुगर मिल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध खनन को किसी भी सुरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगे इसके तहत टीमें भी गठित की गई हैं। टीमें निंरतरता में फील्ड में रहकर पैनी नजर रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। जो भी कार्रवाई उन द्वारा अमल में लाई जाए उसकी विस्तृत रिपोर्ट हर माह उपायुक्त कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपायुक्त ने यह भी कहा कि पुलिस विभाग व माइनिंग विभाग बेहतर समन्वय के साथ नाके लगाए और लोकेशन अनुसार नाके लगाएं ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकें। जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह ने बताया कि अप्रैल 2024 से 26 मार्च 2025 तक 233 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया है। अवैध खनन के तहत 3 करोड़ 15 लाख 18 हजार 200 की राशि वसूली गई है। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार से जिले के स्क्रीनिंग प्लांटों की भी जानकारी ली।



अंबाला। अवैध खनन लेकर अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम शाश्वत सांगवान, आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी सूरज चावला, डीडीपीओ दिनेश शर्मा व जांच टीम से जुड़े कई अधिकारी भी मौजूद थे।

**मुहिम** डीसी ने टीबी को मात देने वाले गांवों के सरपंच व अन्य पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**2030 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लिया संकल्प**

# 151 गांव टीबी मुक्त घोषित, बीमारी से ग्रस्त मरीजों का एडवांस तरीके से हो रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिले के 151 गांव टीबी मुक्त घोषित हो गए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि टीबी बीमारी से ग्रसित मरीज लगातार ठीक हो रहे हैं। इसी वजह से 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि जो गांव शेष रह गए हैं उन्हें भी टीबी मुक्त करने की दिशा में बेहतर तरीके से कार्य करना है। उपायुक्त वीरवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किंगफिशर पर्यटन स्थल में आयोजित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में अंबाला ऐसा पहला जिला है जिसमें 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग के साथ-साथ समाजिक संस्थाएं बधाई की पात्र हैं।



अंबाला। टीबी मुक्त घोषित पंचायत के पदाधिकारी को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### सभी को टीबी मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलवाई

उपायुक्त ने 138 ग्राम पंचायतों जिन्हें वर्ष 2024 के तहत टीबी मुक्त किया गया है जिन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य वाली प्रतिमा तथा 13 ऐसी ग्राम पंचायतें जिन्हें वर्ष 2023-24 के तहत टीबी मुक्त घोषित किया गया है उन्हें चांदी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व डिप्टी डायरेक्टर एवं राज्य टीबी रोग अधिकारी राजेश राजू को पर्यावरण का प्रतीक पौधा, स्मृति चिह्न व शॉल भेंट कर उनका भव्य अभिंनदन किया। इस मौके पर उपस्थित सभी को टीबी मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके डॉ. सीमा, डॉ. चित्रा शर्मा, डॉ. नीलम कुशवाहा, डॉ. पवन चौधरी, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. विकास, डॉ. कुलविंद्र, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

### बीमारी से डरने की जरूरत नहीं

उपायुक्त ने कहा कि अब इस बीमारी का इलाज बेहतर तरीके से करते हुए जो इस बीमारी की चपेट में आता है उसका ईलाज करके इस बीमारी से बाहर लाने का काम किया जा रहा है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने में कार्य किए जा रहे हैं। गांव-गांव में इस बारे में लोगों को जागरूक करते हुए जो भी इस बीमारी से ग्रसित है उसका ईलाज करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि समय रहते इसका ईलाज करवाकर इससे निजात पाना है। उपायुक्त ने इस मौके पर टीबी मुक्त अभियान के तहत 151 ग्राम पंचायतों को प्रशंसा पत्र व स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार करवाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य व चांदी की प्रतिमा देकर उनको सम्मानित भी किया गया।



अंबाला। जनता की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

# पूर्व मंत्री ने समस्याएं सुनकर समाधान के दिए निर्देश

**अंबाला।** पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अंबाला शहर स्थित अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे थे। इन समस्याओं में पंचायत विभाग, पुलिस, जन स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें व समस्याएं शामिल थी। जनता की समस्याओं को सुनते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मौके पर ही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन कर दिशा निर्देश दिए। गोयल ने कहा कि आमजन को राहत पहुंचाना और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी नागरिक परेशान न हो यही नायब सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे 24 घंटे आमजन के लिए खोल रखे हैं।